दिनांक 06.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित 27 शासकीय स्कूलों में होगा वाटर हार्वेस्टिंग एवं लघु वाटिका का निर्माण

भिलाईनगर/निगम भिलाई महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव व आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने वर्षा जल को संचित करने एवं भूजल स्तर को बढ़ाने तथा भिलाई के 27 शासकीय स्कूलों में वृहद वृक्षारोपण किये जाने हेतु 5 लाख 40 हजार रुपये भिलाई के विभिन्न स्कूलों को प्रदान किये हैं। शिक्षा विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक में भिलाई के शासकीय स्कूल के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने तथा स्कूल के कैंपस के भीतर वृक्षारोपण किये जाने को लेकर महापौर एवं आयुक्त ने बैठक में उपस्थित प्राचार्यगणों के समक्ष अपनी मंशा जाहिर की जिस पर उपस्थित शाला के प्राचार्यों ने शाला की वित्तीय स्थिति से अवगत कराया जिस पर महापौर एवं आयुक्त ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ध्यान में रखते हुए दोनों कार्य के लिए पृथक-पृथक राशि 4 लाख 5 हजार एवं 1 लाख 35 हजार कुल 5 लाख 40 हजार रुपये शाला विकास एवं प्रबंध समिति के खाते में तथा लघु वाटिका वृक्षारोपण कार्य हेतु ईको क्लब के खाते में प्रत्येक स्कूल को 20 हजार रुपये हस्तांतरित किये हैं। आयुक्त एसके सुंदरानी ने कहा कि इन स्कूलों में बेहतर विकास के लिए पैसा हस्तांतरित किया गया है, जिससे स्कूलों में पर्यावरण के दृष्टिकोण से लघु वाटिका निर्माण एवं स्कूलों में जलभराव की स्थिति से बचने एवं ग्रीष्म ऋतु में जल स्रोत न सूखे इसके के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता को देखते हुए जल संरक्षण एवं संचयन की दिशा में विद्यालयों को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!